बिहार सरकार
बिहार रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेन्ट एजेंसी (ब्रेडा)

(ऊर्जा विभाग के अधीन एक सरकारी अभिकरण)
अक्षय ऊर्जा भवन, BSP(H)CL कॉलोनी, पटना–800023
वेबसाईट– breda.co.in

ई० मेल:- breda.gov@gmail.com दूरभाष:- 0612-2505734, 18003456204

पत्रांक:– ब्रेडा/स्था०–22/2024–25 - 1675 दिनांक:– 23.09.2026

अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति के संदर्भ में सूचना

बिहार रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (ब्रेडा) के सेवकों की सेवाकाल में असामयिक मृत्यु के कारण उनके आश्रित को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति हेतु निमित ब्रेडा संकल्प संख्या– 1323 दिनांक– 31.07.2024 द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्दिष्ट मार्ग निदेशिका पत्रांक– 22/अनु० 02/23/सा०प्र०–16100 दिनांक– 23.08.2023 का अनुसरण करते हुए ब्रेडा प्रबंध समिति की बैठक दिनांक–31.01.2025 की कार्यवाही प्रस्ताव कंडिका–06 पर ब्रेडा प्रबंध समिति की स्वीकृति के आलोक में **दिनांक–25.08.2026** को ब्रेडा अनुकम्पा समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

2. अनुकम्पा समिति के समक्ष प्रस्तुत मामले पर समिति द्वारा की गई अनुशंसा एवं तत्संबंध में प्राप्त आदेश के आलोक में निम्नलिखित आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर उनके शैक्षणिक योग्यता एवं पद की उपलब्धता के आधार पर उनके नाम के सामने स्तंभ–3 में अंकित पद पर योगदान समर्पित करने हेतु दिनांक–30.09.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे ब्रेडा कार्यालय, अक्षय ऊर्जा भवन, BSP(H)CL कॉलोनी, पटना– 800023 में बुलाया जाता है :–

क्र० सं०	आश्रित का नाम/मृतक से संबंध/मृत सेवक का नाम/पदनाम/पदस्थापना स्थान	पदनाम
1	सुधीर कुमार/ पुत्र/स्व० राजु रविदास/ भू०पू० आदेशपाल/ब्रेडा मुख्यालय	**आदेशपाल**
2	मो० नौशाद/पुत्र/ स्व० अलताफ खाँ/ भू०पू० तकनीशियन/ उप विकास आयुक्त कार्यालय, वैशाली	**जिला तकनीशियन**
3	मनीष कुमार/पुत्र/ स्व० विजेन्द्र मणी शुक्ला/ भू०पू० तकनीशियन/ उप विकास आयुक्त कार्यालय, सहरसा	**जिला तकनीशियन**
4	संतोष कुमार शर्मा/ पुत्र/ स्व० नन्हक शर्मा/ भू०पू० तकनीशियन/ ब्रेडा मुख्यालय	**आदेशपाल**
5	सत्यम कुमार/ पुत्र/ स्व० सुनिल कुमार/ भू०पू० तकनीशियन/ ब्रेडा मुख्यालय	**जिला तकनीशियन**
6	मनीष कुमार/ पुत्र/ स्व० विनय पंडित/ भू०पू० तकनीशियन/ उप विकास आयुक्त कार्यालय, मधुबनी	**जिला तकनीशियन**

3. उपर्युक्त अभ्यर्थी निम्नांकित कागजात/प्रमाण–पत्र की मूल प्रति (Original) एवं उसका दो–दो स्व–सत्यापित पठनीय छायाप्रति (Photo Copy) के साथ निर्धारित समय एवं स्थान पर स्वंय उपस्थित होगें :–

1	एक वैध फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड/ड्राईविंग लाइसेंस/पैन कार्ड/वोटर आई०डी० कार्ड/पासपोर्ट) की मूल प्रति एवं उसकी एक छायाप्रति।
2	दो अदद रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो।
3	मैट्रिक प्रमाण–पत्र एवं उसका अंक पत्र/आयु संबंधित प्रमाण–पत्र।
4	शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र।
5	बिहार राज्य सरकार की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रपत्र में जाति एवं क्रिमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र (मात्र पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए)
6	बिहार राज्य सरकार की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रपत्र में जाति प्रमाण–पत्र (केवल अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन–जाति के लिए)
7	बिहार राज्य का आवासीय प्रमाण–पत्र (Domicile Certificate) यदि किसी आरक्षण कोटि का दावा करते हों।
8	अनियोजन प्रमाण–पत्र (मृतक के पूर्ण परिवार का)।
9	अन्य वांछित प्रमाण–पत्र।
10	चिकित्सा स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र, जो असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत होगा।
11	योगदान देने के पूर्व प्रथम श्रेणी दण्डाधिकारी के समक्ष इस आशय का शपथ–पत्र देना होगा कि:– 1. मैं .....का पुत्र/पुत्री/पत्नी हूँ। 2. मृत कामगार के कोई अन्य आश्रित पूर्व में अनुकम्पा के आधार पर बिहार रिन्युएबुल इनर्जी डेवलपमेन्ट एजेन्सी (ब्रेडा), पटना में नियोजित नहीं है। 3. मृत कामगार के कोई अन्य आश्रित किसी सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था में कार्यरत नही है। 4. मैं किसी सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था में कार्यरत नही हूँ। 5. मैं विवाह में दहेज नही लुँगा/दूँगी (अविवाहित पुरूष/महिला के लिए)। 6. मैं विवाह में दहेज नहीं लिया हूँ/नही दी हूँ (विवाहित पुरूष/महिला के लिए)। 7. मेरी एक मात्र जीवित पत्नी है, जिसका नाम श्रीमती..... ..... है। (विवाहित पुरूष के लिए) 8. नियुक्ति के लिए दिए गए आवेदन पत्र की सभी सूचनाएँ सही है। तथ्यों के गलत पाये जाने पर मेरी सेवा कभी भी समाप्त की जा सकती है। 9. मुझे किसी नियोजक द्वारा मेरी सेवा समाप्त नहीं की गई है। 10. पूर्व में किसी नियोजक द्वारा मेरी सेवा समाप्त नहीं की गई है। 11. मैं मृत कर्मी के आश्रितों/परिवार का भरण पोषण करूँगा/करूँगी। यदि इसकी अवहेलना करूँगा/करूँगी, तो गंभीर कदाचार माना जाएगा तथा मेरी सेवा समाप्त की जा सकती है।

4. उपर्युक्त अभ्यर्थी यदि निर्धारित तिथि एवं समय को अनुपस्थित रहते हैं तो उकनी अभ्यर्थिता समाप्त मानी जाएगी एवं भविष्य में उनका किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

23/9/2026

उप निदेशक,
ब्रेडा, पटना।

ज्ञापांक:– ब्रेडा / स्था०–22 / 2024–25 1675 पटना / दिनांक:– 23.09.2026

प्रतिलिपि:–

1. सभी संबंधित अभ्यार्थियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. सचिव, ऊर्जा विभाग–सह–अध्यक्ष, ब्रेडा के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
3. संयुक्त सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
4. उप सचिव, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
5. ब्रेडा के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचनार्थ प्रेषित।
6. DBA, ब्रेडा पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि सूचना–पत्र को ब्रेडा बेवसाइट पर Upload करने की कृपा करें।

23/9/2026

उप निदेशक,
ब्रेडा, पटना।